सराहनीय कार्य
इटावा पुलिस

प्रेस नोट- दिनांक 13.06.2024

इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 चोरी की मोटरसाइकिल (पल्सर) की गयी बरामद ।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही ।

घटना/ गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः

जनपद मे अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधीक्षक पुलिस इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम मे दिनांक 12/13.06.24 की रात्रि को थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत कचौरा बाईपास तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान कचौरा रोड से एक मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया तो व्यक्ति मोटरसाइकिल मोडकर भागने लगा । जिस पर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये 01 व्यक्ति **देवेन्द्र कुमार उर्फ दीवान पुत्र मनोज कुमार को कचौरा रोड तिराहे से समय 10.50 बजे गिरफ्तार किया गया ।**

पुलिस पूछताछः-

पुलिस टीम द्वारा पकडे गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 अवैध तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर व 01 मोटरसाइकिल बरामद की गयी। पुलिस टीम द्वारा कडाई से पूछताछ करने पर बताया कि दिनांक 13.05.24 को मैने यह मोटरसाइकिल गंगाराम नर्सिंग होम जनपद आगरा से चोरी की थी। घटना के संबंध मे **जनपद आगरा के थाना एत्माद्दौला** पर **मु0अ0सं0 181/2024 धारा 379 भादवि** पंजीकृत है।

उक्त गिरफ्तारी /बरामदगी के संबंध मे थाना जसवंतनगर पर मु0अ0सं0 118/24 धारा 41 सीआरपीसी व 411 भादवि व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. देवेन्द्र कुमार उर्फ दीवान पुत्र मनोज कुमार निवासी ग्राम नगला गुदे थाना कुदरकोट जनपद औरैया **उम्र 20 वर्ष ।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 118/24 धारा 41 सीआरपीसी व 411 भादवि व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 01 जिंदा कारतूस 315 बोर।
3. 01 बजाज पल्सर मोटरसाइकिल बिना नंबर प्लेट **जनपद आगरा से चोरी । (मु0अ0सं0 181/2024 धारा 379 भादवि थाना एत्माद्दौला जनपद आगरा)**

पुलिस टीम- नि0 श्री कपिल दुबे प्रभारी थाना जसवंतनगर, उ0नि0 इमरान फरीद, का0 दानिश मोहम्मद, का0 प्रभात कुमार।